**मंगलवार**
13 जून 2023



पृष्ठ 4
**पिम्पल पर भूलकर भी ना लगाए नाखून, बढ़ सकती है मुश्किलें**



पृष्ठ 5
**आर्यन खान की वेब सीरीज स्टारडम का हिस्सा बने रणबीर कपूर**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 130
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

असत्य फूस के ढेर की तरह है। सत्य की एक चिंगारी भी उसे भस्म कर देती है।
— हरिभाऊ उपाध्याय

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
सांध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, 6 गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

बागेश्वर/पौड़ी। राज्य में हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां चार लोगों की मौत हो गयी वहीं 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने त्वरित एक्शन लेते हुए रेस्क्यू कर मृतकों व घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह बागेश्वर जिले में एक पिकअप वाहन बागेश्वर-गिरेछीना मोटर मार्ग में नैलगाड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए हैं। घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस के अनुसार पिकअप बागेश्वर-गिरेछीना मार्ग स्थित नैलगाड़ के पास गहरी खाई में गिर गई। चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन असंतुलित हो गया था। वाहन में 6 लोग सवार थे जिसमें से इरशाद अहमद, असलम व साजिद की मौत हो गई। जबकि आकाश, सुलेमान और जेहरान खान गम्भीर घायल हुए है। घटना की सूचना पर पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग रामपुर जिले के स्वार निवासी हैं। यह सभी पिकअप में सवार होकर बेरीनाग में आयोजत होने वाले मेले में रुपये कमाने जा रहे थे। लेकिन उससे पहले ही उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया।

वहीं सड़क दुर्घटना का एक मामला पौड़ी जिले में देर रात सामने आया है। यहां अनियंत्रित होकर एक कार गहरी खाई में जा गिरी जिस कारण एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। बताया जा रहा है कि कल देर रात एक कार भैंसकोट-खिरसू मार्ग पर श्रीनगर की ओर आते हुए अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। कार में चार लोग सवार थे। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर मृतक व घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलो के नाम अंकित राणा, शशांक बहुगुणा व सुशील चौहान बताये जा रहे है। जबकि इस दुर्घटना में कौशल चमोली निवासी ग्राम बलोड़ी खिर्सू पौड़ी की मौत हो गयी है।

## पेपर लीक प्रकरणः मुख्य आरोपी केन्द्रपाल के घर ईडी की छापेमारी

हमारे संवाददाता

देहरादून/बिजनौर। उत्तराखण्ड पेपर लीक मामले में आज ईडी द्वारा बिजनौर के धामपुर में मुख्य आरोपी के घर पर छापेमारी की गयी है। छापेमारी की इस कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है वहीं ईडी द्वारा मुख्य आरोपी की पत्नी को लेकर बैंक के खाते व लाकर खंगाले जा रहे है।





बता दें कि एसटीएफ द्वारा उत्तराखण्ड पेपर लीक प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों की ईडी से सम्पत्ति जांच की मांग की गयी थी। इस पर बड़ी कार्यवाही करते हुए ईडी द्वारा आज स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इस प्रकरण के मुख्य आरोपी केन्द्रपाल के धामपुर स्थित घर पर छापेमारी की गयी है। बताया जा रहा है कि टीम मुख्य आरोपी की पत्नी को हिरासत में लेकर पंजाब नेशनल बैंक मंडी शाखा में पहुंची और बैंक अंकाउट व लाकर की जांच की गयी।

विदित हो कि 2021 में उत्तराखण्ड में हुए पेपर लीक मामले में धामपुर निवासी केन्द्रपाल की मुख्य भूमिका थी। केन्द्रपाल तभी से देहरादून जेल में बंद है। आरोप है कि केन्द्रपाल ने पेपर लीक कराने के बदले मोटी रकम कमायी थीं। जिस पर एसटीएफ द्वारा उसकी व उसके सहयोगियों की सम्पत्ति की जांच की मांग ईडी से की गयी थी। इस मामले में धामपुर निवासी सहारनपुर के जल संस्थान में कार्यरत जेई ललित राज शर्मा भी देहरादून की जेल में बंद है। ललित राज के घर पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा करायी गयी थी। वहीं सूत्रो का कहना है कि ईडी द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों के घरों में भी छापेमारी की जा रही है। हालांकि इस मामले में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

## देश के कई शहरों में महसूस किए गए भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ समेत कई शहरों में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। ये भूकंप 1 बजकर 33 मिनट पर आया। पाकिस्तान और चीन में भी मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के डोडा में था। इसकी गहराई जमीन से 6 किलोमीटर अंदर थी। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.4 थी। इससे पहले मार्च में भारत के कई राज्यों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 थी। भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में था। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश क्षेत्र था। भारत में 1 मई से 31 मई तक 41 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें से 7 भूकंप उत्तराखंड और 6 भूकंप मणिपुर में आए। इसके अलावा अरुणाचल में 5 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए।



## रोजगार मेलाः 70 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

नई दिल्ली। रोजगार मेले के माध्यम से 70 हजार युवाओं को आज सरकारी नौकरी मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपॉइंटमेंट लेटर दिए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित भी किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने 13 जून को सुबह 10।30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह छठवां रोजगार मेला है। इससे पहले 16 मई 2023 को पांचवें रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।



**पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए अपॉइंटमेंट लेटर**

अपॉइंटमेंट लेटर गवर्नमेंट के रोजगार मेला पहल के तहत वितरित किए गए। मंगलवार को देश भर में 43 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। नई भर्तियां केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में खाली पड़े पदों पर हुईं। चयनित कैंडिडेट्स का अपॉइंटमेंट विभिन्न विभागों में किया गया है। इससे पहले 16 मई को देश भर के 22 राज्यों में 45 केंद्रों पर पांचवें रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इसमें भी पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए थे।

कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डिजिटल मोड में किया गया था। केंद्र सरकार की ओर से रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में की गई थी। अब तक रोजगार मेले के जरिए 3 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। केंद्र सरकार की योजना है कि आम चुनाव 2024 से पहले इस मेले के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को नौकरियां दी जाएं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग पर रोक जरूरी

यह 21वीं सदी के नए भारत की तस्वीर है डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहां साइबर क्राइम से बच पाना आम आदमी के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है वहीं ऑनलाइन जुआ और सट्टा देश की युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। 1980 व 90 के दशक में जिस तरह से लाटरी ने लाखों-करोड़ों परिवारों को बर्बादी के कगार पर पहुंचाने का काम किया था ऑनलाइन गेम के जरिए वर्तमान में चल रहा सट्टा समाज के लिए एक बड़ा अभिशाप बन चुका है। अभी आपने देश में होने वाले आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान ड्रीम-11 का खेल खेलते हुए अपने आसपास तमाम लोगों को देखा होगा। इनाम जीतने वाले कुछ ही लोग होंगे जिन्हें आप जानते होंगे लेकिन इस खेल में हारने वाले आपको बहुत सारे लोग मिल जाएंगे। ऐसे कितने ही खेल खिलाने वाले थे जिसके एक-एक स्लाट में एक करोड़ से भी अधिक लोग हर मैच पर दांव लगाते थे। ऑनलाइन खेले जाने वाले इस गेम में सरकार को भी जीएसटी के रूप में ठीक कमाई हो रही थी वही खिलाने वाले तो हर रोज कई कई करोड़ डकार रहे थे। यह एक प्रत्यक्ष गेम था जो ऑनलाइन चल रहा था इसके साथ हर मैच में परोक्ष तौर पर अरबों रुपए का हर रोज सट्टा चल रहा था इसका मुनाफा अकेले सटोरिए ही डकार रहे थे। आपने अपने मोबाइल फोन में छोटा इन्वेस्टमेंट बड़ी कमाई वाले हजारों ऐप के विज्ञापन देखे होंगे जो विज्ञापनों के जरिए आपको इस जुए सट्टे के लिए प्रोत्साहित करने के विज्ञापन भी लाते हैं। जिनके अंत में कहा जाता है कि इस खेल में वित्तीय जोखिम शामिल है तथा इसकी लत भी आपको लग सकती है अपनी जिम्मेवारी पर खेले। यह हैरान करने वाले आंकड़े हैं कि देश में 900 ऐसी गेमिंग कंपनियां काम कर रही हैं तथा ऑनलाइन गेमिंग का दायरा 30 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। देश में 50 करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेल रहे हैं जो देश की कुल आबादी का एक तिहाई से भी अधिक है यानी हर तीसरा आदमी इस गेमिंग के खेल में उलझा हुआ है। उससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि 12 करोड़ से अधिक लोग इस खेल में अपनी गाढ़ी कमाई का बहुत हिस्सा गंवा रहे हैं। रातो रात अमीर बनने की चाहत और सपना रखने वाले युवा इन गेमिंग कंपनियों के झांसे में आसानी से आ जाते हैं कई सारे एप तो ऐसे हैं जो आपको ऐप डाउन करने पर खेलने के लिए दो-चार हजार रूपये आपके खाते में डाल रहे हैं लेकिन आप इससे सिर्फ रमी जैसे या लूडो जैसे गेम ही खेल सकते हैं इस पैसे को अन्य किसी मद में इस्तेमाल के लिए निकाल नहीं सकते हैं। प्रारंभिक दौर में यह आपको जिता भी सकते हैं जिससे आपको यह भरोसा हो सके कि बस अब कुछ ही दिनों में आप बिना कुछ किए गेम खेल कर ही करोड़पति बन जाएंगे। मगर कुछ दिनों में आप का खाता भी खाली हो सकता है सरकार अब इस ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर शिकंजा कसने जा रही है आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर का कहना है कि ऐसी सभी गेमिंग कंपनियों को बंद किया जाएगा जो सट्टेबाजी कर रही हैं या उपभोक्ताओं के लिए नुकसान दे है या जिनकी लत लोगों को लग रही है। यह अभी घोषणा भर है लेकिन सरकार का बड़ा एहसान होगा कि वह ऐसा जल्द से जल्द करें क्योंकि इससे भावी पीढ़ी का भविष्य चौपट हो रहा है जिन युवाओं को 8 से 10 घंटे रोज पढ़ना चाहिए वह आठ-दस घंटे रोज गेम खेल रहे हैं और समय व पैसा दोनों की ही बर्बादी कर रहे हैं। अब तो यह ऑनलाइन गेमिंग का खेल धर्मांतरण का तरीका भी बन चुका है इसलिए इसका तत्काल प्रभाव से रोका जाना जरूरी हो गया है।

# चिन्हित कर पर्यटन स्थलों को करें विकसित: दीक्षित

संवाददाता




रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्यटन स्थलो को चिन्हित कर उनको विकसित किया जाये ।

आज यहां जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने व पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति (डीटीडीसी) की बैठक आहूत हुई। आयोजित बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में की गई कार्यवाही से जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला पर्यटन अधिकारी को चिहिन्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास खंड जखोली के अंतर्गत चिरबटिया में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संचालित करने के लिए तथा जवाड़ी बाईपास पर निर्मित पार्क को ग्राम पंचायत जवाडी के माध्यम से संचालित करने के लिए अनुबंध तैयार करते हुए एवं प्रभागीय वनाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए इसमें जो भी आवश्यक सुविधाएं एवं गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं इस संबंध में ग्रामीणों के एवं वन विभाग के साथ आवश्यक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिम कार्बेट भवन गुलाबराय के संचालन तथा रख-रखाव को लेकर भी जिला पर्यटन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए तथा चंद्रापुरी स्यालसौड़ में स्थित सूचना केंद्र के संचालन के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने केदारनाथ मार्ग के सीतापुर पार्किंग तथा पार्किंग में बनी दुकानों के आवंटन को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने व गौरीकुंड में बने तप्तकुंड के संचालन के लिए जीएमवीएन, सुलभ इंटरनेशनल एवं स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से संचालित करने के संबंध में सभी के साथ आवश्यक बैठक करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जखोली में ईको पार्क बनाए जाने तथा बधाणीताल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए तथा जो भी गतिविधयां संचालित की जा सकती हैं इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करते हुए शासन को प्रेषित करने के निर्देश जिला पर्यटन अधिकारी को दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए किया ठंडे शर्बत का वितरण

नगर संवाददाता

देहरादून। बढ़ती गर्मी के मद्देनजर डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विकास संस्था द्वारा आम जन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे रूह अफजा शर्बत का वितरण किया गया।

राजधानी देहरादून में इन दिनों पारा नई ऊचांईयो को छू रहा है। जिससे आम जन को भरी दोपहर बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आज एमडीडीए कॉलोनी चन्दर रोड डालनवाला के मुख्य चौक पानी की टंकी पर, बढ़ती गर्मी के प्रकोप को




देखते हुए डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम विकास संस्था (रजि.) ने ठंडे रूह अफजा शर्बत का आम जनता में वितरण किया गया। जिससे लोगों को राहत के एहसास हुआ।

मुख्य अतिथि कॉंग्रेस प्रदेश सचिव उत्तराखण्ड प्रवीण त्यागी उर्फ टीटू त्यागी की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मोके पर संस्था अध्यक्ष हैदर इरशाद, सचिव जाकिर अंसारी, कोषाध्यक्ष मो इकराम साहब, सम्मानित सदस्य हबीब उर रहमान, अल्ताफ अली, तथा मो जावेद, मो शोएब आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन में प्रयुक्त जेसीबी व ट्राली सीज

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। बाण गंगा नदी में हो रहे अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह कोतवाली लक्सर पुलिस को सूचना मिली कि बाणगंगा नदी में कुछ लोग अवैध खनन कर रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने छापेमारी की तो वहां हड़कंप मच गया और अवैध खनन कारोबारी मची अफरा तफरी का फायदा उठाकर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने मौके से एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर उन्हे सीज कर दिया है।

**जीवान्नो अभि धेतनादित्यासः पुरा हथात**
**कद्ध स्थ हवनश्रुतः॥**
(ऋग्वेद ८-६७-५)

हे आदित्यों ! आप कहीं भी स्थित हो, इससे पहले कि हमारा जीवन मृत्यु को प्राप्त हो, हमारी पुकार को सुनो और हमारे जीवन को शुद्ध और सफल बनाओ।

O Adityas ! Wherever you are situated, before our life is met with death, listen to our call and make our life pure and successful. (Rig Ved 8-67-5)

# विशेष स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में बैठक आयोजित




कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के सभी जिलों में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को सफल बनाये जानें के अन्तर्गत जनपद न्यायालय मुख्यालय हरिद्वार के मीटिंग हॉल में जनपद न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी की अध्यक्षता में सोमवार को 12 से 18 जून 2023 के स्वच्छता अभियान, खासतौर पर आगामी 18 जून, 2023 को चलाये जाने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में स्वच्छता अभियान को सफल बनाये जाने हेतु प्रस्तुत सभी सुझावों पर विचार किया गया तथा स्वच्छता अभियान के सफल संचालन हेतु जनपद के अधिकारियों के साथ आगे की कार्य योजना तय की गई, जिसमें यह निर्धारित किया गया कि गन्दे स्थानों को चिन्हित कर वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजि०, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) श्री पी०एल० शाह, एमएनए दयानन्द सरस्वती, डीएफओ नीरज कुमार, डॉ० आर०के० सिंह, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुलेखा सहगल, ई०ओ० नगरपालिका, नगर पंचायत सहित सम्बन्धित पदाधिकारी/अधिकारीगण उपस्थित थे।

# इन फ्लैट्स के आगे हाई हील्स भी हैं फेल, साड़ी से लेकर सूट तक का बढ़ जाएगा स्टाइल

अगर आप भी अपनी शादी के बाद पहली होली के रंगों में सराबोर (पूरी तरह से भीगा हुआ) होने की योजना बना रही हैं, तो मोहतरमा आप अपनी तैयारी अभी से कर लें। जी हां, होली को आने में महज अब चार से पांच दिनों का ही समय बचा हुआ है और ऐसे में हम सभी होली को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमें यकीन है कि आप में से कई लोगों ने होली के कपड़े और होली पार्टी से जुड़ी हुई कई चीजों को तैयार कर लिया होगा। लेकिन इसके बाद भी बहुत से लोगों ने अपने फुटवियर पर ध्यान नहीं दिया होगा। रंगों के इस त्योहार में मैदान पर दौड़ने से लेकर होली की ताल तक आपकी फ्लैट्स बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि आपने अभी तक अपनी होली के लिए फुटवियर पर ध्यान नहीं दिया तो कोई बात नहीं बात नहीं। आज हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में जो रंगों के त्योहार पर तो आपका साथ देंगे ही बल्कि उसके बाद समर सीजन को भी हिट बना देंगे।



स्टड स्ट्रैप फ्लैट्स

बीते कुछ दिनों में स्टड स्ट्रैप फ्लैट्स का फैशन बहुत तेजी से बढ़ा है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि सूट हो या साड़ी या फिर कोई वेस्टर्न ऑउटफिट ये फ्लैट्स सभी के साथ मेल खाती हैं। देखने में काफी भारी दिखाई देने वाली ये फ्लैट्स असल में बहुत हल्की होती है। ऊपरी तरफ से उभरी होने के कारण इनका वजन दूर से काफी ज्यादा दिखाई देता है, लेकिन पहनने में ये काफी आरामदायक होती है। ऐसे में आप भी अपनी जूते-चप्पलों की जोड़ी में एक स्थान इन फ्लैट्स का भी बना दें।

कोल्हापुरी चप्पलें

कोल्हापुरी चप्पलों का फैशन बहुत पुराना है। कोल्हापुरी चप्पल असल में चमड़े से बनी एक विशेष प्रकार की चप्पलें होतीं है। ये वानस्पतिक रंगों का प्रयोग करके हाथ द्वारा बनायी जाती हैं। इसकी उत्पत्ति कोल्हापुर (महाराष्ट्र प्रान्त का एक शहर) से हुई थी। इन चपलों की सबसे खास बात ये है कि ये आपके ट्रेडिशनल ऑउटफिट के साथ बहुत जजती है। ऐसे में अगर होली के दिन सूट या सदी पहनने का मन बना रहीं हैं तो कोल्हापुरी चप्पल को अपनी लिस्ट में रख सकती हैं।

स्वीट सितंबर फ्लैट्स

स्वीट सितंबर फ्लैट्स ने कुछ दिनों पहले ही फैशन वर्ल्ड में दस्तक दी है। अपने शिफॉन या लेस की रिबन को लेकर स्टाइलिश लुक में मार्किट में उतरने वाले इन फ्लैट्स का आजकल बहुत बोलबाला है। एंकल लेंथ प्लाजो सूट हो या फिर डंगरी या आप पहन रही हैं बॉयफ्रेंड जीन्स तो फ्लैट्स हर लिहाज से आपके लायक हैं। ऐसे में अगर आप भी होली वाले दिन अपने दोस्तों से मिलने का प्लान बना रही हैं तो आप इन फ्लैट्स को पहनकर सबकी वाहवाही लूट सकती हैं।

कॉफी विद मी फ्लैट्स

पूरी सर्दियों भर हेवी-हेवी बूट्स पहनते हुए हमें एक ऐसी आदत पड़ जाती है जब हम फ्लैट्स पहने में एकदम से कम्फर्टेबल महसूस नहीं कर पाते, तो ऐसे दर्शकों को निराश होने की कोई जरुरत नहीं है। कॉफी विद मी फ्लैट्स खासतौर पर आपके लिए ही बनी हैं। जी हां, लंबी स्ट्रैप होने के कारण इन फ्लैट्स को ऐड़ी के ऊपर तक बांधा जाता है, जो देखने में काफी खूबसूरत दिखाई देती हैं। कॉफी विद मी फ्लैट्स को आप अपनी वन पीस ड्रेस के साथ ट्राई करना न भूलें।

पेस्टल पॉप फ्लैट्स

पेस्टल पॉप फ्लैट्स की सबसे खास बात ये है कि ये बाजार में एक नहीं बल्कि कई अलग-अलग रंगो में मौजूद हैं। जी हां, इस तरह की फ्लैट्स को आप अपनी ड्रेस से मिलती-जुलती खरीद सकती हैं। बहुत लोगों का ऐसा मानना है कि फेब्रिक में सॉफ्ट होने के कारण इन्हें पानी में भिगोया नहीं जा सकता। लेकिन जनाब ये धारणा एकदम गलत है ये फ्लैट्स आसानी से वॉशेबल हैं।

वीकेंड गेटवे फ्लैट्स

दिखने में बेहद सिंपल और पैरों को आराम देने वाली ये फ्लैट्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। अगर आप ऑफिस गोइंग गर्ल हैं तो अपनी शू रैक में वीकेंड गेटवे फ्लैट्स को जरूर शामिल करें। ये आपकी डिस्ट्रेस जीन्स के साथ-साथ आपकी स्कर्ट तक के लुक को शानदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

टेस्टफुल टच फ्लैट्स

हमसे से ज्यादातर लोग दिखने में सुन्दर लगने वाली फ्लैट्स को घर तो ले आते हैं लेकिन उनके रंगों और कैटेगिरी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते। खैर, कोई बात नहीं फ्लैट्स की इस लंबी चौड़ी सूची में टेस्टफुल टच फ्लैट्स भी काफी मशहूर हैं। ये फ्लैट्स आपने कभी न कभी जरूर ट्राई की होगी बस इसके नाम से अवगत नहीं है। ऐसे में अगर आप भी इस बार फ्लैट्स को लेकर कुछ खरीदने का मन बना रही हैं तो टेस्टफुल टच फ्लैट्स को जरूर शामिल करें। ये आपकी ड्रेसेस के साथ-साथ आपके सूट साड़ी में भी जान डाल देगा।

# पेयजल किल्लत को लेकर किया जल संस्थान का घेराव व प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। पेयजल किल्लत को लेकर डोईवाला क्षेत्रवासियों ने स्थानीय पार्षद मनीष धीमान के नेतृत्व में जल संस्थान पर घेराव कर प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

आज यहां डोईवाला नगर क्षेत्र में पेयजल की बढ़ती किल्लत से निजात की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सभासद मनीष कुमार धीमान के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही जल्द ही पेयजल आपूर्ति उचित रूप से बहाल न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। विदित हो कि नगर मुख्य बाजार, मिस्सरवाला कलां, चाँदमारी, डैशवाला, क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पेयजल की भारी किल्लत है जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही जल संस्थान द्वारा मामले में कोई उचित व्यवस्था न किये जाने पर स्थानीय नागरिकों ने सभासद मनीष कुमार धीमान के नेतृत्व में जल संस्थान पहुंचकर प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। सभासद धीमान ने कहा कि नगर व इससे जुड़े क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से भारी पेयजल किल्लत है। केवल चंद मिनटों के लिए पानी की सप्लाई की जा रही है जिससे पीने के लिए भी प्रयाप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं जल संस्थान द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।



उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पेयजल की उचित आपूर्ति बहाल नहीं की जाती है तो स्थानीय नागरिक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। प्रदर्शन में दीपक तिवारी, कमल सिंह, संजीव पाठक, सपना पाल, अंजलि राजभर, राजन, नसीमा, संदीप, रेनु, दीपा चौधरी, कृष्णा देवी, कुसुम आदि उपस्थित थे।

# एसटीएफ ने किया 3 किलो अफीम के साथ ड्रग तस्कर को गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने तीन किलो अफीम के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार के दिशा निर्देशन पर एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा ड्रग्स डीलरों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश के क्रम में सीओ एसटीएफ कुमाऊ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पवन स्वरुप के नेतृत्व में ए.एन.टी.एफ टीम(एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) द्वारा थाना पुल भट्टा टीम के साथ एक ज्वाइंट ऑपरेशन में गत देर रात्रि जनपद उधम सिंह नगर के पुलभट्टा थाना क्षेत्र से एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर राकेश पुत्र मेहताब सिंह निवासी ग्राम ताल गोटिया थाना फरीदपुर जिला बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 03 किलो अफीम बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया गया कि वह बदायूं से अफीम लाकर उत्तराखंड में सप्लाई करता हैं। एसटीएफ की इस कार्रवाई में आरक्षी विरेंद्र चौहान व आरक्षी अमरजीत सिंह की विशेष भूमिका रही।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि गत रात्रि एसटीएफ की एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट को उत्तर प्रदेश- उत्तराखंड बॉर्डर पर ड्रग की बड़ी डिलीवरी होने का गोपनीय इनपुट प्राप्त हुआ था, जिस पर टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जनपद उधम सिंह नगर के पुलभट्टा थाना क्षेत्र से एक अन्तर्राज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से भारी व्यावसायिक मात्रा में अफीम की बरामदगी हुयी है।

गिरफ्तार आरोपी से ड्रग के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है उसके आधार पर आगे कार्यवाही की जायेगी। उत्तराखण्ड के ऐसे इलाके जो पड़ोसी उ.प्र. राज्य की सीमा से लगे हुए हैं वहाँ पर उ.प्र. के ड्रग माफिया द्वारा ड्रग की सप्लाई जाती है फिर वहाँ से उत्तराखण्ड के छोटे-छोटे ड्रग डीलर उसे पूरे उत्तराखण्ड में सप्लाई करते हैं, इस प्रकार नशे का नेटवर्क चलता रहता है। कल टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एसटीएफ द्वारा थाना पुलभट्टा में एनडीपीएस एक्ट की मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# चरस के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने 324 ग्राम चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी थाने पर गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई कि राजस्थान निवासी कुछ लोग आज रानीपोखरी स्थित रेशम फार्म में होने वाले सत्संग में भारी मात्रा मे अवैध चरस बेचने आ रहे हैं, इस जानकारी पर गठित टीम द्वारा स्थानीय/निजी सूचना तन्त्र को सक्रिय कर प्रभावी चैकिंग कर नागाघेर रानीपोखर शर्मा प्लाट के पास से एक संदिग्ध व्यक्तियो/वाहनो की चैकिंग के दौरान स्कार्पियों कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गये । पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया और उसमें सवार तीन लोगों को हिरासत में ले उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 324 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंन अपने नाम कपूर पुत्र अमर सिंह निवासी रूंद इकरन थाना चिकसाना जिला भरतपुर राजस्थान, सूरज पुत्र राजू निवासी रूंद इकरन थाना चिकसाना जिला भरतपुर राजस्थान, आरत पुत्र राजेंद्र निवासी रूंद इकरन थाना चिकसाना जिला भरतपुर राजस्थान बताये। पूछताछ करने पर कपूर आदि द्वारा बताया गया कि वह राजस्थान से यहां हरिद्वार ऋषिकेश देहरादून घूमने अपने रिश्तेदार राजकुमार जो कि उनके ही गांव से है कि स्कॉर्पियो में आए थे। गत दिवस उन्होंने चलते-चलते हरिद्वार से बेलवाला नाम की जगह से एक बाबा जिसका नाम पता हम नहीं जानते से चरस सस्ते दाम में खरीद ली थी क्योंकि उनके यहां चरस बहुत महंगी मिलती है आज जब वह ऋषिकेश आए तो उनको पता लगा कि कुछ दूरी पर रानीपोखरी जगह पर सत्संग का कार्यक्रम है जिस पर बहुत सारी भीड़ होगी जिस पर उन्होंने सोचा है कि ऊंचे दामों पर वहां पर चरस बेचना सरल होगा और इसी लालच में वह यहां रानीपोखरी आए और पुलिस द्वारा पकड़े गए। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



# सवाल सुरक्षित यात्रा का

इस बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं।

ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना ने फिर भारत में रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान खींचा है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ, जब भारत सरकार रेल यात्रा को कथित रूप से तेज और सुखद बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ सालों से भारत सरकार ने रेल नेटवर्क में से एक में हाई-स्पीड- ऑटोमेटेड ट्रेनों को शुरू करके रेल आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का दावा किया है। सरकार के घोषित लक्ष्यों में 2024 तक रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण करना और 2030 तक नेटवर्क को कार्बन न्यूट्रल बनाना शामिल है। लेकिन इसी बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं। भारतीय रेलवे को 13-14 लाख कर्मचारियों के साथ देश की जीवन रेखा माना जाता है। भारतीय ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग सवा दो करोड़ लोग सफर करते हैं और रेलवे 30 लाख टन माल की ढुलाई करती है। लगभग 68,000 किलोमीटर के ब्रॉड-गेज नेटवर्क पर 21,000 से अधिक ट्रेनें दौड़ती हैं। मगर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के एक आकलन के मुताबिक, 2017-18 से 2020-21 के बीच खराब ट्रैक रखरखाव, ओवरस्पीडिंग और मैकेनिकल फेलियर ट्रेनों के पटरी से उतरने के प्रमुख कारण रहे।

दिसंबर 2022 में संसद में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण रेलवे पटरियों पर रखरखाव की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रैक नवीनीकरण के लिए फंड में कमी आई है और कई मामलों में इसका पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। रेलवे ने ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए एक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' पर 2012 में काम शुरू किया था। इसका पहला परीक्षण 2016 में किया गया था। 2022 में इसका लाइव डेमो दिखाया गया और इसे लॉन्च किया गया। लेकिन रेल नेटवर्क में अभी यह सिर्फ दो प्रतिशत हिस्से में कार्यरत है। तो साफ है कि हादसों का कारण ढांचागत कमजोरियां और भटकी प्राथमिकताएं हैं। जब तक ये मौजूद हैं, रेल यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकेगी। (आरएनएस)

# आंदोलन मैनेज हो गया?

इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है।

यौन उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन पर उतरे पहलवान सार्वजनिक रूप से भले यह कह रहे हों कि उनका संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जिस रूप में लगभग डेढ़ महीने तक यह आंदोलन चला, उसके आगे भी जारी रहने की संभावना न्यूनतम है। इस बात के साफ संकेत हैं कि गृह मंत्री अमित शाह इस आंदोलन को मैनेज करने में सफल हो गए हैं। पहलवानों के साथ उनकी सहमति बन जाने के ठोस संकेत हैं। बेशक, (कथित तौर पर) उत्पीड़ित महिला पहलवान हुई थीं, इसलिए पहलवानों को यह अधिकार है कि वे अपना हित देखें और किसी समाधान पर पहुंचने के प्रयास में शामिल हों। लेकिन गौरतलब यह है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उसमें एक नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीड़न का मामला भी है, जो पॉक्सो कानून के तहत आता है। इसी एफआईआर को वापस लिए जाने या इसे बदले जाने की बात मीडिया में आई है। बहरहाल, विधि विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था के तहत जघन्य अपराध एक बार दर्ज हो जाने के बाद उत्पीड़ित व्यक्ति भी उसे वापस नहीं ले सकता, लेकिन यह राज्य के खिलाफ अपराध का मामला बन जाता है।

ये दीगर बात है कि अगर उत्पीड़ित पक्ष मामले को आगे बढ़ाने में सहयोग ना करे, तो फिर केस साबित होने की संभावनाएं बेहद कम हो जाती हैं। इस बीच नौ जून को आंदोलन का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हो चुका है, तो दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह से उनके घर जाकर पूछताछ की है। कुल संकेत यह है कि अब जो भी मामला चलेगा, वह पुलिस और कानून की दायरे में चलेगा। इस तरह जन आंदोलन से सत्ताधारी भाजपा के लिए जो असहज स्थितियां बन रही थीं, उन्हें नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बावजूद इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है। यह इस देश के लिए गहरी चिंता की बात है। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# पिम्पल पर भूलकर भी ना लगाए नाखून, बढ़ सकती है मुश्किलें



अक्सर हम पिम्पल होने पर उसे छूने या खुदाई करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह दिक्कत दे सकता और इसके बजाय हमें अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, आज आपको कुछ प्रमुख उपायों के बारे में बताएंगे पिम्पल को ठीक तरीके से निपटा सकते हैं तथा अपनी त्वचा को स्वस्थ और सुंदर रख सकते हैं।

पिम्पल को छूने और खुदाई करने से बचें:-

हम अक्सर पिम्पल को हाथ से छूने या खुदाई करने की गलती करते हैं, जो और भी समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इससे इन्फेक्शन, निशान, और त्वचा के निकाल जाने की समस्या हो सकती है। इसलिए, अपने पिम्पल को छूने और खुदाई करने से बचें। यदि आपको उचित देखभाल की आवश्यकता है, तो एक पेशेवर चिकित्सक से सलाह लें।

स्वस्थ आहार:-

आपका खान-पान आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। प्रतिदिन स्वस्थ और पौष्टिक आहार लें, जिसमें फल, सब्जी, अनाज, प्रोटीन, और पर्याप्त पानी शामिल हो। स्वस्थ आहार आपकी त्वचा को स्वस्थ और रोशनी भरी रखने में मदद करेगा और पिम्पल की समस्या को कम करने में सहायता प्रदान करेगा।

त्वचा की साफ़ सफाई:-

त्वचा की साफ़ सफाई बहुत महत्वपूर्ण है ताकि पोर्नस खुले और अच्छी तरह से साफ़ हो सकें। दिन में कम से कम दो बार अपनी त्वचा को साबुन और पानी से धोएं, लेकिन यह ध्यान रखें कि आप ज्यादा साबुन न लगाएं और गर्म पानी का उपयोग न करें। त्वचा की साफ़ सफाई करने से आपक चेहरे की चमक बढ़ेगी और पिम्पल की समस्या कम होगी।

प्राकृतिक उपचार:-

प्राकृतिक उपचार पिम्पल की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। नीम के पत्ते, टी ट्री ऑयल, लौंग, अलोवेरा, शहद, और हल्दी जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करें। इन प्राकृतिक उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप पिम्पल से छुटकारा पा सकते हैं और अपनी त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं। (आरएनएस)

# भूलकर भी इन 5 चीजों को न करें माइक्रोवेव, होगा भारी नुकसान



यदि आपका नाम भी उन लोगों की लिस्ट में शामिल है जो समय बचाने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज के लिए माइक्रोवेव का उपयोग करते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। व्यक्ति आलसी हो या बिजी, आजकल की बीजी लाइफस्टाइल में इस बात से मना नहीं किया जा सकता कि माइक्रोवेव हर किसी की पहली आवश्यकता बन गया है। आज माइक्रोवेव ने घंटों का काम कुछ मिनटों में करके लोगों के जीवन को बेहद सरल बना दिया है। बावजूद इसके कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें भूलकर भी माइक्रोवेव नहीं करना चाहिए। ऐसा करके न केवल आप अपने माइक्रोवेव को खराब कर सकते हैं बल्कि आपकी सेहत को भी बड़ा नुकसान हो सकता है। आइए आपको बताते है 5 कौन सी चीजों को माइक्रोवेव नहीं करना चाहिए...

* फ्रोजन फ्रूट्स:-

माइक्रोवेव में यदि आप फ्रोजन फ्रूट्स को डीफ्रॉस्ट करते हैं, तो ऐसा करने से वो खराब हो सकते हैं।

* एल्यूमिनियम फॉयल में खाना:-

एल्यूमिनियम फॉयल में खाना रखकर गर्म करने से माइक्रोवेव में आग लगने का खतरा बना रहता है।

* अंडा:-

पूरे अंडे को कभी भी माइक्रोवेव में रखने की गलती नहीं करनी चाहिए। अंडे को छिलके सहित माइक्रोवेव में रखने से उसमें तुरंत विस्फोट हो सकता है।

* स्टायरोफोम कंटेनर:-

स्टायरोफोम कंटेनर में खाना रखकर माइक्रोवेव में गर्म करने पर कंटेनर में उपस्थित रसायन का भोजन में मिल सकते हैं। जिसके कारण व्यक्ति को कई प्रकार के कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है।

* फ्रोजन मीट:-

फ्रोजन मीट को माइक्रोवेव में डिफ्रॉस्ट करने से वो अच्छी प्रकार से पकता नहीं है। ऐसा मीट कही से पका तो कहीं से कच्चा रह जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -045


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# 7 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म 72 हूरें

संजय पूरन सिंह चौहान द्वारा निर्देशित फिल्म 72 हूरें 7 जुलाई को रिलीज होगी। यह फिल्म गुलाब सिंह तंवर, किरण डागर और अनिरुद्ध तंवर द्वारा निर्मित और अशोक पंडित द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म का टीजर जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर इसको लेकर बातें होने लगी हैं और ज्यादातर लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं। 72 हूरें के टीजर में एक चरमपंथी नेता का भड़काऊ भाषण सुनाई दे रहा है, जिसमें जिहाद के बारे में बात की गई है। 51 सेकंड के टीजर में ओसामा बिन लादेन, अजमल कसाब, याकूब मेमन, मसूद अजहर, हाफिज सईद और सादिक सईद जैसे खूंखार आतंकवादियों और चरमपंथी नेताओं का जिक्र है। फिल्म में यह दिखाने की कोशिश की जाएगी की कैसे आतंकियों को ट्रेनिंग देकर विश्वास दिलाया जाता है कि मरने के बाद 72 कुंवारी लड़कियां उनकी सेवा करेंगी।

72 हूरें को लोग द कश्मीर फाइल्स और द केरल स्टोरी के बाद एक और प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसी फिल्में झूठ फैला रही हैं, लेकिन अब जनता सब समझ गई है और ये ज्यादा दिन नहीं चलेगा। एक ने लिखा, विवेक अग्निहोत्री और अदा शर्मा बिना प्रोपेगेंडा वाली फिल्म बनाए 200 करोड़ रुपये नहीं कमा सकते हैं। एक अन्य ने लिखा, बॉलीवुड लगातार ऐसी फिल्में बनाने के कारण अपना आकर्षण खोता जा रहा है। 72 हूरें को लोगों का समर्थन भी मिल रहा है। एक ने लिखा, उन्हें हर वो फिल्म प्रोपेगेंडा लगती है, जो उनकी सच्चाई को लोगों के सामने लाती है। अब इस फिल्म का भी विरोध होगा। एक अन्य ने लिखा, अब ट्रेलर का इंतजार है। 72 हूरें के निर्माताओं का दावा है कि फिल्म 72 हूरों की अवधारणा को उजागर करेगी, जिसका उपयोग चरमपंथी नेताओं द्वारा लोगों का ब्रेनवॉश करने के लिए किया जाता है। इसके बाद उन्हें आतंकवादी बनाया जाता है। साथ ही उन्हें यह विश्वास दिलाया जाता है कि मरने के बाद जन्नत में उनको 72 हूर मिलेंगी। उनका इस तरह से ब्रेनवॉश किया जाता है कि वे जिहाद के नाम पर बेगुनाह लोगों को मारने के लिए भी तैयार हो जाते हैं।

# मलयालम फिल्म 2018 की कमाई जारी, 100 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

2018: एवरीवन इज ए हीरो को रिलीज हुए 1 महीना बीत चुका है और फिल्म का अभी भी बॉक्स ऑफिस में शानदार प्रदर्शन जारी है। यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे शुरुआत से ही दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों द्वारा भरपूर प्यार मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 ने रविवार को 1.73 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 89.91 करोड़ रुपये हो गया है। 2018 धीरे-धीरे ही सही, लेकिन 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है, वहीं फिल्म ने दुनियाभर में 160 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसका निर्देशन ज्यूड एंथनी जोसेफ ने किया है। 2018 में टोविनो थॉमस के अलावा कनचाको बोबन, आसिफ अली और अपर्णा बालमुरली जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को महज 12 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। फिल्म 2018 की कहानी केरल में 2018 में आई बाढ़ पर आधारित है। झ

# अपर्णा नायर करेगी शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी से अपने बॉलीवुड की शुरुआत

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली ब्लडी डैडी जल्द ही रिलीज़ होने वाली है, वाहा उसी से जुडी एक नयी खबर सामने आयी है की हमारी मिडिल ईस्ट ब्यूटी अपर्णा नायर एक्शन थ्रिलर फिल्म ब्लडी डैडी से अपना बिग बॉलीवुड डेब्यू करने वाली है अपर्णा नायर, जो अपने अट्रैक्टिव प्रजेंस और गॉर्जियस लुक के लिए जानी जाती हैं, अपनी बड़ी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ब्लडी डैडी में बॉलीवुड के हैंडसम हंक शाहिद कपूर के साथ दर्शकों को अपनी एक्टिंग से लुभाने के लिए पूरी तरह से त्यार है। जहा हम ट्रेलर में अभिनेता शाहिद कपूर को एक खुनी अंदाज़ में देख सकते है वही अभिनेत्री अपर्णा को एक फ्रेम में देखते हैं, जो एक फैंसी डिनर इवेंट जैसे टेबल वाले सिन दिखता है। अभिनेत्री ने एक क्लासिक लहंगा पहना है और काफी सुन्दर दिख रही हैहम यह देख कर और इंतज़ार नहीं कर सकते है जब क्या होता है, दर्शक बड़े ही आपूर्ति से अपर्णा और शाहिद को देखने के लिए उत्साहित है।

अपर्णा नायर ने एक ब्रिलिएंट अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित किया है। प्रत्येक प्रोजेक्ट के साथ, उन्होंने अपने करैक्टर में और गहराई और डिसिप्लिन का प्रदर्शन किया है, जिससे वो सभी का दिल जीत रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म एक दिलचस्प कहानी होने का वादा करती है, और कलाकारों में अपर्णा नायर के शामिल होने से उनके सभी प्रशंसकों के बीच और ज़्यादा उत्साह बढ़ा दिया है।

हम अभिनेत्री अपर्णा नायर का एक नया और दिलचस्प प्रदर्शन देखने के लिए सुपर एक्साइटेड है जो सभी के दिलो में अपनी एक अलग जगह बनाएगा, शाहिद कपूर के साथ बॉलीवुड में अपनी बड़ी शुरुआत करने वाली है. अपर्णा नायर की सिज़्लिंग ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बॉलीवुड के ब्रिलियंट, उनके सभी चाहने वाले उन दोनो का एक अद्भुत प्रदर्शन देखने के लिए उत्साहित है. अपने डेब्यू फिल्म को लेके अभिनेत्री का कहना है, मैं अपनी पहली भारतीय फिल्म जो एक एक्शन फिल्म है में उसका हिस्सा बनकर अपना डेब्यू करने के लिए बहुत ही ज्यादा उत्साहित हूं। मैं खुद का डेब्यू और पहली बार अली अब्बास जफर से बेहतर निर्देशक के साथ काम के अलवावा कल्पना नहीं कर सकती थी।

# आर्यन खान की वेब सीरीज स्टारडम का हिस्सा बने रणबीर कपूर



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने बीते दिनों अपनी लग्जरी ब्रांड को लॉन्च किया था तो अब वह अपनी पहली वेब सीरीज स्टारडम की तैयारियों में जुटे हैं। आर्यन यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कि उनके निर्देशन की पहली सीरीज एक बड़ी हिट हो। स्क्रिप्ट और कास्टिंग पर काम करने के बाद उन्होंने मुंबई में शूटिंग भी शुरू कर दी है। साथ ही रणबीर कपूर का कैमियो भी सीरीज में पक्का हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, स्टारडम में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में हैं और रणबीर कैमियो में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने हाल ही में शूटिंग भी कर ली है। कहा जा रहा है कि रणबीर मुंबई के वर्ली में हो रही सीरीज की शूटिंग के दौरान सेट पर पहुंचे थे। उन्होंने अपना कैमियो शूट करने के साथ ही आर्यन से मुलाकात की। इसके लिए रणबीर ने संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल की शूटिंग से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है।

हिंदी फिल्म उद्योग की कहानी बयां करती इस सीरीज में रणबीर के अलावा भी कई सितारों के कैमियो देखने को मिलेंगे।

फिल्म निर्माता करण जौहर के भी इस सीरीज में नजर आने की खबरें सामने आ रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख और रणवीर सिंह की झलक भी स्टारडम में देखने को मिलेगी, जो इसका अहम हिस्सा होंगे। ये सभी सितारे स्टारडम में छोटी-छोटी भूमिका निभाते नजर आएंगे और अलग-अलग एपिसोड का हिस्सा होंगे।

शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही स्टारडम की कहानी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के इर्द-गिर्द बुनी गई है। यह सीरीज स्टारडम के लिए अपने सपनों का पीछा करने वाले महत्वाकांक्षी अभिनेताओं की कहानी से रूबरू कराएगी। इसके जरिए आर्यन इंडस्ट्री के हर पहलू को दर्शकों को दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस सीरीज को आर्यन ने बिलाल सिद्दीकी के साथ मिलकर लिखा है और अलगे साल यह हुज़्ज़ूर पर दस्तक देगी।

आर्यन स्टारडम से पहले अपने लग्जरी स्ट्रीट वियर ब्रांड के विज्ञापन का निर्देशन कर चुके हैं, जिसमें शाहरुख नजर आए थे। बतौर निर्देशक यह आर्यन का पहला विज्ञापन होने के साथ-साथ शाहरुख के साथ स्क्रीन साझा करने का भी पहला मौका था। एक ओर शाहरुख के बेटे आर्यन पर्दे के पीछे काम कर रहे हैं तो बेटी सुहाना खान जल्द अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वह जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में नजर आने वाली हैं।

# बैकलेस टॉप पहने मोनालिसा ने दिखाई हुस्न की बेबाकी

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस को इंप्रेस करना कभी नहीं भूलती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी अदाएं देख कर अक्सर अपने होश खो बैठती हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस बेडरूम फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं।

उनकी हर एक अदाओं पर अक्सर फैंस अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने बैकलेस टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो सुपर सेक्सी नजर आ रही हैं। मोनालिसा अपनी इन तस्वीरों में बेड पर बैठे हुए बेहद ही सिजलिंग अदाओं से पोज देते हुए लोगों के बीच लाइमलाइट लूट रही हैं। ओपन हेयर को स्टाइल कर के और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर लाइक्स, कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटाते हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में अपने सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई काफी हॉट लुक्स में नजर आ रही हैं। मोनालिसा का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेसेस में शामिल है। इन दिनों वो इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री बन चुकी हैं।

# फिर जमी कार्तिक आर्यन-कियारा आडवाणी की जोड़ी

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा काफी समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें दर्शकों को इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म की झलकियां देखने को मिली थी। तब से ही कार्तिक और कियारा के प्रशंसक इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर से कार्तिक और कियारा की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है।

इसका ट्रेलर कश्मीर के खूबसूरत दृश्यों के साथ शुरू होता है। फिल्म में कार्तिक एक गुजराती लड़के, सत्यप्रेम के किरदार में हैं, जो शादी करने के लिए उतावला है। उसकी मुलाकात कथा (कियारा) से होती है और दोनों में रोमांस शुरू हो जाता है। ट्रेलर में कार्तिक और कियारा के अलावा, गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव भी नजर आ रहे हैं। गुजराती पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म रोमांस और फैमिली ड्रामा से भरपूर है।

समीर विद्वंस द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक म्यूजिकल ड्रामा है। यह 29 जून को पर्दे पर आएगी। इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म में कार्तिक के किरदार का नाम सत्यप्रेम है वहीं कियारा के किरदार का नाम कथा है। पहले इस फिल्म का नाम सत्यनारायण की कथा था। इस नाम के लिए निर्माताओं पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था। फिल्म का विरोध होने के बाद इसका नाम सत्यप्रेम की कथा कर दिया गया।

साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दर्शकों के उत्साह को एक अलग स्तर पर ले जाने के लिए उन्होंने फिल्म से एक ऐसा धमाकेदार डांस नंबर जोड़ा है, जो सलमान खान और अक्षय कुमार की फिल्मों की बराबरी करेगा। सत्यप्रेम की कथा के लिए कार्तिक-कियारा के साथ एक बड़ा गाना शूट किया गया है। नाडियाडवाला ने खुद सुनिश्चित किया कि गाना उनकी पिछली फिल्मों की तरह ही बड़ा हो।

कार्तिक और कियारा इससे पहले सुपरहिट फिल्म भूल भुलैया 2 में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की जोड़ी फिल्म में दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। यह पहला मौका था, जब कियारा और कार्तिक ने किसी फिल्म में साथ काम किया था। अनीस बाज्मी की इस फिल्म में कियारा ने रीत और कार्तिक ने रुहान नाम के युवक का किरदार निभाया था।

कार्तिक जल्द ही फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे। वह निर्देशक हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा उनकी फिल्म आशिकी 3 भी काफी समय से चर्चा में है। दूसरी तरफ कियारा पिछली बार गोविंदा नाम मेरा में नजर आई थीं। जल्द ही वह सुपरस्टार राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर में दिखेंगी। पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ भी उनकी फिल्म की भी चर्चा है।

# पुतिन, जिनफिंग से पल्ला छूटा ?

हरिशंकर व्यास

यह हेडिंग कूटनीति के मिजाज में सही नहीं है। एक सियासी शीषर्क है। मगर भारत की विदेश नीति की हाल में जो नई दिशा बनी है वह वैश्विक मायने वाली है। पहले जापान, ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिमी नेताओं के साथ गलबहियां हुईं! फिर इस सप्ताह चीन की छत्रछाया के शंघाई सहयोग संगठन की दिल्ली शिखर बैठक को भारत ने रद्द किया। अचानक सब तैयारियों, न्योता देने के बाद भारत ने जुलाई में पुतिन और शी जिनफिंग, शहबाज शरीफ आदि की प्रत्यक्ष मेजबानी से किनारा काटा। सभी नेताओं की प्रत्यक्ष उपस्थिति की बजाय तीन-चार घंटों की मोदी की अध्यक्षता में एक 'वर्चुअल मीटिंग' से औपचारिकता पूरी करने का फैसला हुआ। जाहिर है भारत ने रूस-चीन की उस धुरी से पिंड छुड़ाने का वैश्विक मैसेज दिया है, जिससे पश्चिम की ठनी है। क्या कल्पना कर सकते है कि सितंबर में निर्धारित जी-2० के शिखर सम्मेलन को लेकर प्रधानमंत्री ऐसा नरेंद्र मोदी करें?

ध्यान रहे जुलाई से पहले 19 से 24 जून को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जा रहे हैं। जो बाइडेन अपनी सोच व मिजाज से पलट नरेंद्र मोदी का व्हाइट हाउस में शाही स्वागत करेंगे। मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की साझा बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद 14 जुलाई को मोदी फ्रांस की नेशनल डे परेड के मेहमान है। मई महीने की इन बातों को भी ध्यान में रखें कि जापान में जी-सात के अमीर देशों ने नरेंद्र मोदी को कितना गले लगाया। बाइडन ने ऑटोग्राफ मांगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने मोदी को 'बॉस' कहा। ऑस्ट्रेलिया के करीबी टापू के बगल के प्रधानमंत्री ने मोदी के पांव छूए। जब पश्चिमी देश प्रधानमंत्री की मार्केटिगं की, उन्हें पटाने की ऐसी मनभावक भाव-भंगिमा दर्शा रहे हैं तो नरेंद्र मोदी भला क्यों पुतिन- शी जिनफिंग जैसे मवालियों की मेजबानी करें?

कुल मिलाकर पश्चिम बनाम पुतिन-शी जिनफिंग की आर-पार की लड़ाई में भारत ने दुनिया को जतला दिया है कि रूस व चीन से लेन-देन के स्वार्थी रिश्ते भले चलते रहें (ऐसे रिश्ता चलाना रूस व चीन की भी मजबूरी है) लेकिन उसका पक्का पाला अब पश्चिमी देशों का है। यूक्रेन-रूस की लड़ाई के बाद विश्व राजनीति बदली है,




और पश्चिमी देशों ने रूस और चीन की धुरी के खिलाफ मोर्चा खोला है तो इसके आरंभ में मोदी-जयशंकर ने बहुध्रुवीय याकि मल्टीपोलर विश्व व्यवस्था जैसे जुमलों की जो हवाबाजी की थी उसे अब भारत हाशिए में डाल पश्चिम के अमीर जी-सात देशों की धुरी से जा चिपका है। मैं इसे भारत हित में मानता हूं। चाइनीज-इस्लामी सभ्यता की भावी चुनौतियों के सिनेरियो में दशकों से मैं भारत-पश्चिम की नैसर्गिक केमिस्ट्री की वकालत करता रहा हूं। तभी मेरी राय में अब वह मोड़ है जो जून में अमेरिका से भारत का शस्त्र प्रणालियों की खरीद या साझा उत्पादन के कारण हो। वे सौदे जिससे रूस पर भारत की हथियार निर्भरता खत्म हो।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा में जरूरी हथियार खरीद की कई सहमतियां मुमकिन हैं। एक अनुमान के अनुसार अमेरिका से भारत की हथियार खरीद 25 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगी। भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-2 प्रोजेक्ट के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के एफ-15 इंजन के साझा उत्पादन की बाइडेन प्रशासन मंजूरी दे सकता है। इससे फिर आगे नौसेना के जहाजों के इंजन में भी सहयोग मुमकिन होगा। भारत की एडवांस्ड मीडियम लड़ाकू विमान (एएमसीए) योजना में ब्रितानी रॉल्स रॉयस कंपनी और एक अमेरिकी कंपनी की पेशकश भी आगे बढ़ सकती है। रक्षा समझौतों के कार्यान्वयन और भारतीय वायु सेना और नौसेना के लिए लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्टों पर बुनियादी सहमतियां संभव हैं। जैसे नौसेना, सेना और वायु सेना सभी की तात्कालिक जरूरत के जनरल एटॉमिक्स से 3० एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन लेने का सौदा है। इस पर लंबे समय से बात हो रही है। इनके साथ यदि पुरानी रक्षा प्रणालियों की खरीदारी याकि सी-13०जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान, सी17 ग्लोबमास्टर, बोइंग के एएच-64अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, चिनूक सीएच-47 हेलीकॉप्टर, पी-8आई समुद्री निगरानी विमान और एम-777 होवित्जर की लिस्ट बने तो पश्चिमी देशों से भारत का सैनिक सहयोग रूस की जगह लेता हुआ दिखेगा।

ध्यान रहे यह काम कोई मोदी सरकार की बदौलत नहीं है, बल्कि 2०12 में भारत-अमेरिका के बीच बने रक्षा तकनीक व व्यापार की पहल (डीटीटीआई) के फ्रेमवर्क में आगे बढ़ा है। रक्षा प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देने का पहले से तैयार साझा मंच। इसमें विमानवाहक, जेट इंजन और रासायनिक-जैविक सुरक्षा जैसी खास तकनीक के क्षेत्रों में वर्किंग ग्रुप भी बने हुए हैं। तकनीक ट्रांसफर होती हुई है। एक और तथ्य कि अमेरिका और भारत में परस्पर हथियार सहयोग में भारतीय मूल के अमेरिकी एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल की कोशिशें अब रंग लाती हुई हैं। सन् 2००7 से डॉ. लाल बोइंग के आला प्रभावी के रूप में अमेरिका-भारत रक्षा व्यापार बढ़वाने की कोशिशों से जुटे रहे हैं। अपना मानना है कि यूक्रेन-रूस की लड़ाई के बाद की परिस्थितियों से यह मौका बना है, जिससे साझा सैनिक, रक्षा व्यापार और सहयोग में तेजी आई है। आखिर भारत हो या दुनिया के बाकी देश, सभी तो जान-देख रहे हैं कि यूक्रेन से लड़ते हुए रूसी टैंकों का कैसा कब्रिस्तान बना। उसके ड्रोन, हवाई हमले कैसे फेल होते हुए हैं। रूस की दशा देखें, जो ईरान से ड्रोन ले रहा है और उसके ड्रोन को यूक्रेन सैकड़ों की संख्या में आकाश में ही उड़ा दे रहा है।

कुल मिलाकर मोदीजी की जय, पश्चिमी नेताओं के साथ का उनका फोटोशूट भारत को अमेरिका के संरक्षण में ले जा रहा है!

## नीतीश को बड़ी मेहनत करनी होगी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी पार्टियों की बैठक कराने का जिम्मा ले तो लिया लेकिन यह काम उनके लिए आसान नहीं होगा। पटना में 12 जून को विपक्षी पार्टियों की बैठक होने वाली है लेकिन अभी तक की स्थिति को देख कर लग रहा है कि कई बड़े विपक्षी नेता इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। नीतीश के प्रयास का समर्थन करने के बावजूद संभव है कि बड़े विपक्षी नेता खुद जाने की बजाय अपनी पार्टी के किसी प्रतिनिधि को भेजें। अगर ऐसा होता है तो नीतीश के सब किए धरे पर पानी फिरेगा और विपक्षी एकता बनाने की संभावना पर भी असर होगा।

असल में यह पहला मौका है, जब एकजुटता बनाने के मकसद से विपक्षी पार्टियों की बैठक हो रही है। इससे पहले किसी न किसी कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं को बुलाया जाता था। जैसे एमके स्टालिन 7० साल के हुए तो इस मौके पर मार्च में उनकी पार्टी ने एक कार्यक्रम किया, जिसमें विपक्षी नेता शामिल हुए। इसी तरह पिछले महीने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में कांग्रेस के बुलावे पर कई विपक्षी नेता जुटे। ऐसे ही कभी करुणानिधि के सम्मान में तो कभी देवीलाल के सम्मान में हुए कार्यक्रमों में विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होता रहा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों की बैठक होनी है।

सो, यह नीतीश कुमार के लिए प्रतिष्ठा का मामला बन गया है। अगर सभी बड़े विपक्षी नेता उनके बुलावे पर पटना पहुंचते हैं तो नीतीश का कद बढ़ेगा। लेकिन अगर बड़े नेता नहीं शामिल हुए तो उनकी बड़ी किरकिरी होगी। उनको दोतरफा नुकसान होगा। एक तो देश भर में विपक्ष की राजनीति का चेहरा बनने की उनकी इच्छा को ग्रहण लगेगा तो दूसरे बिहार की राजनीति में सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल और मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा की नजर में भी वे हलके होंगे। इसलिए उनको और उनकी पार्टी को बड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि बड़े नेता जुटें।

नीतीश और उनकी पार्टी की चिंता इसलिए बढ़ी है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बैठक में शामिल नहीं होंगे क्योंकि वे अमेरिका गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जाने की संभावना भी कम है। खड़गे या नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई व्यक्ति नीतीश की बैठक में पहुंचता है तो इसका महत्व कम होगा। इसी तरह कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल भी शायद पटना नहीं जाएंगे। अगर 12 जून से पहले कांग्रेस अध्यादेश के मसले पर स्थिति स्पष्ट नहीं करती है तो केजरीवाल कांग्रेस के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बारे में संजय राउत ने कहा है कि वे पटना की बैठक में शामिल होंगे लेकिन अगर सेहत के आधार पर दोनों ने दूरी बनाई और अपना प्रतिनिधि भेजा तो मुश्किल होगी। एमके स्टालिन के पटना जाने पर भी संशय है। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ने जरूर जाने की सहमति दी है। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.44 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## भारत असेंबलिंग करेगा या उत्पादन ?

रघुराम राजन ने उचित ही बनाई गई धारणाओं को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि असल में भारत उत्पादन के बजाय असेंबलिंग का केंद्र बनकर उभरा है। मोबाइल कंपनियां बाहर से पाट-पुर्जे लाकर यहां उन्हें असेंबल कर रही हैँ।

भारत में इस बात पर सुखबोध का माहौल है कि देश तेजी से मोबाइल फोन के निर्यात का केंद्र बनता जा रहा है। इसे केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) योजना की एक बड़ी सफलता के रूप में पेश किया गया है। हालांकि इस दावे पर पहले भी कई हलकों से सवाल उठाए गए हैं, लेकिन अब भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने उचित ही इस बारे में बनी धारणाओं को लेकर आगाह किया है।

उन्होंने कहा है कि असल में भारत मैनुफैक्चरिंग के बजाय असेंबलिंग का केंद्र बनकर उभरा है। इस खामी के लिए उन्होंने पीएलआई योजना के इस प्रावधान को भी जिम्मेदार ठहराया कि सरकार किसी उत्पाद को सब्सिडी फिनिशिंग के बाद ही दे रही है। इस कारण कंपनियां बाहर से पाट-पुर्जे लाकर यहां उन्हें असेंबल कर रही हैँ। इससे देश का आयात बिल बढ़ रहा है। इसके पहले अन्य विशेषज्ञ इस विडंबना की ओर ध्यान खींचते रहे हैं कि पीएलआई स्कीम के कारण भारत में चीन से आयात बढ़ा है, जबकि सरकार की नीति चीन पर निर्भरता घटाने की रही है। आयात-निर्यात के ताजा आंकड़ों ने यह बताया है कि चीन से आयात बढ़ने का रुझान इस वर्ष भी बदस्तूर जारी है।

इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक चीन से आयात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई और आयात बिल 37.86 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस अवधि में दोनों देशों के बीच कुल 44.34 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। जाहिर है, इसमें भारत से होने वाले निर्यात का हिस्सा 6.48 बिलियन डॉलर है। मुद्दा यह है कि पाट-पुर्जे आयात कर असेंबलिंग करने को प्रोत्साहित करना क्या सभी देशवासियों के हित में है? जब तक उत्पादन की पूरी श्रृंखला देश के अंदर नहीं नहीं बनती, तब तक असेंबलिंग कार्य से रोजगार के सीमित अवसर ही पैदा होंगे। उधर रघुराम राजन ने आगाह किया है कि डब्लूटीओ नियमों के तहत भारत पीएलआई स्कीम को वैल्यू एडिशन से जोड़ने की स्थिति में नहीं है। स्पष्टत: इसके जरिए व्यापक आधार वाली उत्पादन व्यवस्था नहीं बन सकती। ऐसे में उनका सवाल उचित है- 'क्या यह योजना नाकामी की ओर बढ़ रही है?' (आरएनएस)

# सीएम धामी से मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन - चीफ, ले.ज. एनएस राजा सुब्रमणि ने भेंट की



देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से सेना से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने कहा कि चंपावत में सीएसडी कैंटीन के विस्तारीकरण के लिए धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रुद्रप्रयाग में भी सीएसडी कैंटीन के लिए भवन बनाया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री को गढ़वाल राइफल्स के रेजीमेंटल सेंटर, लैंसडाउन एवं कुमाऊं रेजीमेंट के सेंटर रानीखेत आने के लिए भी न्यौता दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी, मेजर जनरल संजीव खत्री भी उपस्थित थे।

# पत्रकार आश्रितों को दिए 5-5 लाख आर्थिक सहायता



संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखण्ड पत्रकार कल्याण कोष से पत्रकार आश्रितों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई ।

आज यहां उत्तराखण्ड पत्रकार कल्याण कोष के सदस्य त्रिलोक चन्द्र भट्ट एवं जिला सूचना अधिकारी हरिद्वार प्रमोद तिवारी ने पत्रकार कल्याण कोष(कारपस फण्ड) के अन्तर्गत दिवंगत पत्रकारों के आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के क्रम में श्रीमती प्रीती रानी, पत्नी स्व0 रूद्रेश फौंजी, सम्पादक, भाष्कर चेतना हरिद्वार एवं श्रीमती हिमानी उपाध्याय, पत्नी स्व0 सन्तोष उपाध्याय, फोटोग्राफर राष्ट्रीय सहारा हरिद्वार को आर्थिक सहायता के पांच-पांच लाख के बैंक ड्राफ्ट प्रदान किये।

श्रीमती प्रीती रानी एवं श्रीमती हिमानी उपाध्याय ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिये उत्तराखण्ड सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, देहरादून में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# सीएम को सौंपा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन



हमारे संवाददाता

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हे अपनी 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है।

भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा के संयोजन में मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किसान पगड़ी पहनाकर अभिनंदन व स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत प्रतिनिधि मडंल ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी है कि उत्तराखंड राज्य में बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि से किसानों के नुकसान की भरपाई एमएसपी कानून के तहत उत्तराखंड के किसानों को राहत दिलाने के साथ उत्तराखंड राज्य की कृषि उत्पादन मंडी समितियों द्वारा किसान सेस विकास बढ़ोतरी मंडी समिति द्वारा मंडी शुल्क को बढ़ाकर अनाज व फ्रूट सब्जी की जमाखोरी व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए किसान और प्रशासन की संयुक्त समितियों के गठन किया जाये। साथ ही गन्ना किसानों की बकाया राशि की शीघ्र भुगतान किया जाये।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने कहा उत्तराखंड राज्य में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपार संभावनाएं हैं राज्य सरकार की ओर से पर्वतीय व मैदानी क्षेत्र के किसानों के साथ समन्वयक स्थापित कर राज्य स्तर पर कृषि कल्याणकारी योजनाएं बनाए जाने के लिए निरंतर विचारों के आदान- प्रदान किए जाने चाहिए।

भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के प्रवक्त अरुण शर्मा ने कहा उत्तराखंड राज्य के समीप उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश दोनों राज्यों के किसान अति महत्वपूर्ण है। आने वाले दिनों में पर्वतीय क्षेत्र का सेब, आड़ू, खुरमानी, बदाम मैदानी क्षेत्र की उपज गन्ना धान जैसी उपज को राष्ट्रीय कृषि बाजार के माध्यम से आगे बढ़ाया जाना न्याय संगत होगा। भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड राज्य में 12 महीने किसी न किसी क्षेत्र में स्थानीय किसान जोकि अपनी मेहनत श्रमदान की बदौलत देश दुनिया को फल- फ्रूट मोटा अनाज की उपज को तैयार कर स्थानीय मंडियों के माध्यम से आम उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए प्रयास करते हैं लेकिन मंडियों के माध्यम से किसानों की उपज का उचित मूल्य न मिलने के कारण उत्तराखंड के किसान को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जोकि चिंताजनक है।

किसानों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन द्वारा किसानों की संबंधित सभी मांगों पर सहानुभूति से विचार कर आगामी योजना बनाने के आदेश पारित किए जाने को भी कहा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव संजय चोपड़ा, प्रदेश प्रभारी अनिल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, रमेश चौहान, अजय वर्मा, राजेंद्र सिंह भवन, मीडिया प्रभारी ठाकुर रमेश चौहान, रणजीत सिंह, नितेश वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी कविवर के निधन पर संवेदना व्यक्त कर जताया शोक

नगर संवाददाता

देहरादून। राजधानी के अधिकांश कवि सम्मेलनों और मुशायरो की शोभा बढ़ाने वाले समाजसेवी कविवर मुनीश चंद्र सक्सेना के 86 वर्ष की आयु में निधन होने पर सामाजिक संस्थाओं ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इनके निधन को साहित्यिक जगत की अमूल्य क्षति बताया है।

समाज में अपनी काव्यात्मक कृतियों के माध्यम से मानवता की सेवा और खुशियों की सौगात का संदेश देने वाले सक्सेना चीफ गुडस सुपरिटेंडेंट रेलवे के पद से सेवानिवृत्त होकर सामाजिक सरोकारों से जुड़ गए थे।

उनका अंतिम संस्कार लखीबाग श्मशान घाट में किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में भारत विकास परिषद के रोहित कोचवे, सिख वेलफेयर सोसाइटी के अमरजीत सिंह भाटिया, गवर्नमेंट पेंशनर संगठन के चौधरी ओमवीर सिंह, कंज्यूमर सोसायटी के ब्रिगेडियर केजी बहल, संयुक्त नागरिक संगठन के सुशील त्यागी, पर्यावरणविद जगदीश बावला, डॉ कुलदीप दत्ता, डॉक्टर मुकुल शर्मा, होप के योगेश अग्रवाल, आंदोलनकारी विजय पाहवा, डॉक्टर शैलेंद्र कौशिक, महिला मंच की अरुणा थपलियाल, डॉक्टर चित्रगुप्ता, शांति प्रसाद नौटियाल आदि शामिल थे।

# उत्तरकाशी में चिन्मय विजन प्रोग्राम कार्यशाला का शुभारंभ



लोकेंद्र सिंह बिष्ट

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में आज से चिन्मय विजन प्रोग्राम कार्यशाला का आरंभ हुआ जो आने वाले तीन दिनों तक चलेगा। हरिद्वार के चिन्मय डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय चिन्मय विजन प्रोग्राम कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षक का समाज के प्रति दायित्व क्या होना चाहिए, इस विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें।

चिन्मय शैक्षिक समिति के अध्यक्ष कर्नल राकेश सचदेवा ने बताया कि 27 लोगों का दल उत्तरकाशी पहुंच गया है गंगा किनारे स्थित तपोवन कुटीर के सेमिनार हॉल में शुरू हुई यह कार्यशाला गुरुवार को संपन्न होगी.उन्होंने यह भी कहा कि कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन और आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण भी कराया जाएगा।

कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं रुद्राष्टकम पाठ से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट कोयंबटूर के जोनल डायरेक्टर स्वामी अनुकूलआनंद एवं अकेडमी के एडमिनिस्ट्रेटर मीणा श्री राम उपस्थित रहे। ब्रह्मचारी सनातन चौतन्य , इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल के आध्यात्मिक गाइड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

तपोवन कुटी के परम अध्यक्ष स्वामी देवआत्मानंद ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा की यह स्वामी तपोवन महाराज का जीवंत स्थान है, वह एक उच्च कोटि के हिमालय के संत थे। यहां आकर हम अपने जीवन में परिवर्तन महसूस करते हैं।

चिन्मय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आलोक अग्रवाल ने संक्षेप में सभी प्रतिभागियों का परिचय करवा कर, कार्यशाला के आयोजन के मुख्य उद्देश्य के साथ सबका स्वागत किया। दिन भर चलने वाली इस कार्यशाला में सुबह 9:00 बजे से लेकर रात के 8:30 बजे तक मूल्यों पर आधारित शिक्षा के विभिन्न पक्ष सभी प्रोफेसर और अध्यापकों को सिखाए जाएंगे।

मुख्य वक्ता स्वामी अनुकूल आनंद ने कहा कि हम जो पढ़ाते हैं वह जीवन के लिए क्यों उपयोगी है इस विषय पर अलग-अलग सत्र चलेंगे।

## एक नजर

# युवक की हत्याः शव के आठ टुकड़े कर बोरी में भरकर नाले में फेंका

चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा में 21 साल के एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसके शव के 8 टुकड़े किए गए। फिर उन टुकड़ों को एक बोरे में बंद करके नाले में फेंक दिया गया। घटना सलूणी उपमंडल के तहत भांदल पंचायत का है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, मनोहर लाल दूसरे समुदाय की लड़की से प्यार करता था। लड़की के परिवार वालों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया। लड़की को कहा कि वह मनोहर से दूर रहे। आरोप है कि लड़की के भाइयों ने ही मनोहर की हत्या की है। पुलिस के मुताबिक, 6 दिन पहले मनोहर किसी काम के सिलसिले में घर से निकला था। जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई। चंबा के एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# मुंबई सेशंस कोर्ट ने बेस्ट बेकरी कांड के दो आरोपियों को किया बरी

मुंबई। मुंबई की सेशंस कोर्ट ने गुजरात के 2002 के बेस्ट बेकरी मामले के दो आरोपियों हर्षद रावजी भाई सोलंकी और मफत मणिलाल गोहिल को बरी कर दिया है। इस कांड में 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। हालांकि, सबूतों के अभाव में वडोदरा की अदालत ने 2003 में सभी को बरी कर दिया था। इसके बाद 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुए इस मामले को महाराष्ट्र ट्रांसफर कर दिया था। 24 फरवरी 2006 को मुंबई की कोर्ट ने 9 आरोपियों को दोषी करार दिया। इन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई।



जबकि, बाकी 8 आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया। उस समय तक मामले के चार आरोपी फरार चल रहे थे, जिन्हें 2013 में पकड़ा गया। निचली अदालत के फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। जुलाई 2012 में हाई कोर्ट ने नौ में से चार दोषियों- संजय ठक्कर, बहादुर सिंह चौहान, सना भाई बारिया और दिनेश राजभर की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। जबकि, बाकी पांच- राजू बारिया, पंकज गोसावी, जगदीश राजपूत, सुरेश उर्फ लालू और शैलेष टाडवी को बरी कर दिया। जानकारी के मुताबिक 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद कई दंगे हुए थे, उसमें बेस्ट बेकरी कांड भी शामिल है। 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगा दी थी। इसके बाद पूरे राज्य में दंगे भड़क गए थे। इसके बाद एक मार्च 2002 को वड़ोदरा के हनुमान टेकरी इलाके में स्थित बेस्ट बेकरी में भीड़ ने आग लगा दी थी। ये बेकरी शेख परिवार की थी। इस आगजनी में बेकरी चलाने वाले शेख परिवार समेत 14 लोग मारे गए थे।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान जमीन से टकराया इंडिगो विमान का पिछला हिस्सा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान इंडिगो विमान में बड़ा हादसा होते-होते बचा। लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकरा गया लेकिन गनीमत रही की इससे किसी को भी खतरा नहीं हुआ। बताया जा रहा है दिल्ली एयरपोर्ट की ये घटना रविवार की है। जब विमान कोलकाता से दिल्ली की ओर जा रहा था। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार,




इंडिगो ए321-252 एनएक्स (नियो) विमान वीटी-आईएमजी उड़ान 6ई-6183, सेक्टर कोलकाता - दिल्ली का संचालन करते समय दिल्ली में उतरते समय टेल स्ट्राइक में शामिल था। उड़ान दिल्ली में उतरने के दृष्टिकोण तक असमान थी। रनवे 27 पर पहुंचने के दौरान, चालक दल ने महसूस किया कि वे सामान्य से अधिक समय तक तैरते रहे और गो-अराउंड शुरू किया। डीजीसीए ने कहा कि विमान के पिछले हिस्से का निचला हिस्सा रनवे की सतह से छू गया और क्षतिग्रस्त हो गया। डीजीसीए ने घटना का संज्ञान लेते हुए इसके जांच के आदेश दिए हैं। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# महा पंचायतों पर रोक लगायेः कांग्रेस

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से लव जिहाद और लैंड जिहाद के मुद्दों ने जिस तेजी से गति पकड़ी है वह किसी खास मकसद के लिए तैयार किया गया मॉड्यूल है। यह सवाल इसलिए अहम है कि क्योंकि इन मुद्दों को लेकर अब हिंदू-मुस्लिम आमने सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। लव जिहाद की नित नई वारदातों का सामने आना और फिर उनका इतना तूल पकड़ना कि राज्य की कानून व्यवस्था को खतरा पैदा हो जाए और प्रदेश का सांप्रदायिक माहौल खराब होने की आशंकाएं जताई जाने लगे तो ऐसी स्थिति अचानक पैदा नहीं हो सकती।

खास बात यह है कि जितनी तेजी से घटनाक्रम सामने आ रहा है उतनी ही तेजी से और राष्ट्रीय नेताओं की क्रिया प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। भले ही मुख्यमंत्री धामी ने लैंड जेहाद के खिलाफ जो कार्यवाही राज्य में शुरू की गई थी वह धार्मिक स्थलों की आड़ में सरकारी जमीनों से कब्जे हटाने और राज्य के जनसांख्यिकीय असंतुलन को रोकने के मद्देनजर की गई थी लेकिन इस कार्यवाही



❑ प्रदेश में बढ़ रहा है सांप्रदायिक तनाव

❑ मायावती ने कहा जब मजारे बन रही थी तब सरकार कहां थी

के दौरान मजारों के खिलाफ की गई कार्रवाई को एक पक्ष या समुदाय विशेष के खिलाफ कार्यवाही माना जा रहा है। आज मायावती ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए धामी सरकार के इस फैसले को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर मजारों या किसी धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों को तोड़ा जाना गलत है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब सरकारी जमीनों पर यह मजारे बनाई जा रही थी तब सरकार कहा थी। सरकार ने तब मजारों को बनने से क्यों नहीं रोका।

उधर आज प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने मुख्यमंत्री धामी से मिलकर 15 जून को उत्तरकाशी में होने वाली हिंदू संगठनों की महापंचायत तथा 18 जून को दून में मुस्लिम संगठनों की होने वाली महापंचायत पर रोक लगाने की मांग की गई है। सूर्यकांत धस्माना का कहना है कि राज्य में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाएं जिस तरह से सामने आ रही हैं वह किसी सोचे-समझे षड्यंत्र का हिस्सा लग रही हैं। कोई मॉड्यूल इन घटनाओं के पीछे है जो राज्य का सांप्रदायिक माहौल खराब करना चाहता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस टकराव और तकरार की स्थिति को रोकने की मांग की है। उधर बीते कल असदुद्दीन ओवैसी ने भी उत्तरकाशी में होने वाली महापंचायत को रोकने की मांग करते हुए कहा था कि जिन लोगों का कोई कसूर नहीं है उन्हें अपना सालों पुराना व्यवसाय बंद कर पलायन करना पड़ रहा है उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। जो लैंड व लव जिहाद की घटनाओं को गलत बता रहे हैं और जो सही बता कर हवा दे रहे हैं वह सभी वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है।

# एटीएम बदलकर खाते से पैसा निकालने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून । बुजुर्ग व्यक्तियो से धोखा कर एटीएम कार्ड बदलकर खाते से हजारों रुपये निकालने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 मई को प्रदीप कुमार उनियाल पुत्र देवेन्द्र दत्त उनियाल निवासी सीपीडब्लूडी कालोनी नियर घण्टाघर द्वारा कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया गया कि वह पीएनबी एटीएम घंटाघर गया था जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को बैंक का गार्ड बताकर उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 36000 रूपए निकाल लिए।

वही रविन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम गडोरा रूद्रप्रयाग ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह 10 जून 2023 को पीएनबी एटीएम




घंटाघर गया था जहां एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 65000 रूपये निकाल लिया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को चैक करते हुये संदिग्ध के फोटोग्राफ्स प्राप्त किये गये एवं घटनास्थल से रुट के सीसीटीवी कैमरों को चैक करने पर घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी प्लेजर प्रकाश में आया। स्कूटी के सम्बन्ध में ज्ञात हुआ कि उक्त स्कूटी गंगनहर रुडकी क्षेत्र से माह दिसम्बर 2022 चोरी हुयी है। गत दिवस पुलिस ने शिमला बाइपास रामगढ से सोनू उर्फ कमल गुप्ता पुत्र मिठ्ठनलाल निवासी हाल पता रवि चन्देल रामगढ शेरपुर पटेलनगर देहरादून मूल पता ढकरानी थाना विकासनगर देहरादून को स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 50000 रूपए व 40 अलग-2 बैंको के एटीएम कार्ड बरामद किये गये।

पूछताछ में उसने बताया कि उसके द्वारा दिसम्बर 2022 में रुडकी गंगनहर क्षेत्र में पार्किंग से एक स्कूटी चोरी की गयी थी। बताया कि वह चोरी की स्कूटी से देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में एटीएमों में जाता है और एटीएम मे गार्ड बनकर बैठ जाता है व एटीएम से पैसे निकालने में मदद करने के बहाने से लोगों का पिन कोड पता कर लेता है और इसी दौरान ध्यान भटकाकर धोखाधडी से उन्हे उसी बैंक का दूसरा एटीएम कार्ड दे देता है फिर वहां से निकलकर आस-पास के किसी दूसरे एटीएम में जाकर पैसा निकाल लेता है व कार्ड स्वाइप करवा कर भी पैसे निकाल लेता है। घटना करने के लिये वह छुट्टी के दिन को चुनता है ताकी कोई बैंक कर्मी उसे पकड न ले और वह गार्ड बनकर एटीएम में बैठ कर लोगों को विश्वास में लेकर घटना कर सके।

## टेरर फंडिंगः एनआईए ने हुर्रियत काफ्रेंस नेता की संपत्ति कुर्क की

जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने टेरर फंडिंग मामले में मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में एनआईए की टीम ने श्रीनगर में हुर्रियत कांफ्रेंस के नेता मोहम्मद अकबर खांडे उर्फ अयाज अकबर की मलूरा इलाके में स्थित एक आवासीय संपत्ति मंगलवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, हुर्रियत कांफ्रेंस नेता अकबर खांडे के एक कनाल व 10 मरला (8,160 वर्ग फुट) में बने घर और जमीन को कुर्क करने की घोषणा करते हुए वहां एक बोर्ड लगाया। एनआईए की दिल्ली स्थित अदालत द्वारा 31 मई को पारित एक आदेश के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*